INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	**Department: Hindi**	**Date of submission: May 2nd Week**
Worksheet No. : 01	**Topic:** पाठाधारित	**Note: Pl File in portfolio**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए :

1. किसके पंख टूट जाएँगे ?

उत्तर : पिंजरे में बंद पंछी के पंख टूट जाएँगे l

2. पक्षी कैसा जल पीना पसंद करते हैं?

उत्तर : पक्षी नदी, झरने आदि का बहता जल पीना पसंद करते हैं l

3. पक्षी अपनी उड़ान कब भूल जाता है?

उत्तर : जब पक्षी को पिंजरे में बंद कर दिया जाता है तब वह अपनी उड़ान भूल जाता है l

4. पक्षी कैसा सपना देख रहा है?

उत्तर : पक्षी पेड़ की फुनगी पर झूलने के सपने देख रहा है l

5. पक्षी को पिंजरे में खाने को क्या मिलता है?

उत्तर पक्षी को पिंजरे में खाने को स्वादिष्ट व्यंजन मिलता है l

6. पक्षी अपनी गति और उड़ान कब भूल जाता है?

उत्तर : जब पक्षी को जबरन पिंजरे में बंद कर दिया जाता है तो वह अपनी गति और उड़ान भूल जाता है l

7. पक्षी अपनी चोंच से क्या चुगना चाहता है?

उत्तर: पक्षी अपनी चोंच से खुले में अपने लिए दाना चुगना चाहता है l

---